4

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ का स्टेयरिंग छोड़ो चक्काजाम आंदोलन शुरू



## खबर संक्षेप

### मरार पटेल समाज की बैठक कल

**कोरबा।** खरमोरा मरार समाज सामुदायिक भवन में 26 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बैठक आहूत की गई है। जिसमें जिलेभर से सामाजिक सदस्य उपस्थित रहेंगे। जिसमें सामाजिक चर्चा के साथ समाज के विकास व सामाजिक राजनैतिक शैकक्षनिक विकास पर चर्चा होगी। समाज के जिलाध्यक्ष उत्तम पटेल ने सामाजिक बन्धुओं को अधिक से अधिक संख्या में आने का आग्रह किया है।

### एड्स और साइबर अपराध पर हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई बिंझरा, ब्लॉक पोंडी-उपरोड़ा के तत्वावधान में बीते दिनों सामाजिक जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता, एड्स जागरूकता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और समाज को इसके प्रति प्रेरित करना था। इसके बाद एड्स जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एकता और संवेदनशीलता का प्रतीक प्रस्तुत किया। मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि एड्स से डरने की नहीं, बल्कि इससे जागरूक रहने की जरूरत है। स्वयंसेवकों ने जानकारी ही बचाव है का नारा देकर आमजनों को एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से मुक्त रहने का आह्वान किया।

### साहसिक शिविर में ऋचा करेंगी छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

**कोरबा।** धर्मशाला सेंटर हिमांचल प्रदेश में जिसमें सर्व श्रेष्ठ स्वयं सेवकों का चयन किया जाता है। इसी कड़ी में पीजी कॉलेज की स्वयं सेविका सुश्री ऋचा स्वर्णकार का चयन हुआ है।



एनएसएस प्रो वीरेंद्र कुमार बंजारे डिरेक्टर के रूप में मार्गदर्शन देंगे। एनआईसी एक स्वयं सेवक के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है और उनके उत्कृष्ट कार्य का फल जो कठिन परिश्रम मेहनत और लगन से मिलता है। ऋचा को राज्य कार्यक्रम समन्वयक मनोज सिन्हा, जिला संगठक वाय के तिवारी और कार्यक्रम अधिकारी प्रो अजय पटेल और प्रो मधु व युथ ऑफिसर डॉ राजकुमार वर्मा के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों पर रेलवे ने रखा है नजर

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रेलवे से जुड़े भ्रामक एवं पुराने वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर पुराने अथवा गलत वीडियो वायरल कर यात्रियों में अनावश्यक भ्रम और असंतोष फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखते हुए रेलवे प्रशासन अब तक 20 से अधिक सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर चुका है और उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर 24 गुना 7 मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि ऐसे भ्रामक कंटेंट फैलाने वालों पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। रेलवे प्रशासन सभी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से अपील करता है कि किसी भी वीडियो या सूचना को साझा करने से पहले उसकी प्रामाणिकता अवश्य जांच लें।

# रजगामार डिपसाइड कोल माइंस के लिए टीएमसी ग्रुप को वेस्टिंग ऑर्डर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर


कमॅशियल कोल माइनिंग के तहत नीलाम किए गए एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के रजगामार डिपसाइड देवनारा भूमिगत खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही खदान के प्रारंभ होने का रास्ता साफ हो गया है। आने वाले दिनों में रजगामार डीप साइड देवनारा भूमिगत खदान का काम शुरू हो सकता है।

कोयला मंत्रालय द्वारा इसी साल जुलाई में रजगामार डिपसाइड देवनारा की नीलामी की गई थी। टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने इसे हासिल किया था। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। भूमिगत खदान का क्षेत्रफल 7.126 स्क्वायर किलोमीटर है, यहां 69 प्रतिशत वन क्षेत्र है। कांग्रेस सरकार के दौरान इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। पूर्व कंपनी का नाम कोयला घोटाले में आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। वर्तमान में केन्द्र सरकार ने कर्मशियल माइनिंग के तहत खदान को नीलामी में सम्मिलित किया। रजगामार डिपसाइड देवनारा के साथ ही रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह भूमिगत कोयला खदान की भी नीलामी हुई थी। इस खदान को मिवान स्टील्स लिमिटेड ने हासिल किया है। फुलकडीह के लिए अभी निहित आदेश जारी नहीं किया गया है।

## जुलाई माह में डीप साइड देवनारा भूमिगत खदान की हुई थी नीलामी

**खास बातें**

- डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व
- भूमिगत खदान का क्षेत्रफल 7.126 स्क्वायर किलोमीटर



### सिंघाली भूमिगत खदान में पेस्ट फिलिंग का काम भी टीएमसी ग्रुप को

टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड टीएमसी ग्रुप की कंपनी है। टीएमसी ग्रुप का पंजीकृत कार्यालय प्रदेश के रायगढ़ जिले में है। जिले में स्थित एसईसीएल की सिंघाली भूमिगत खदान में पेस्ट फिलिंग का ठेका भी टीएमसी ग्रुप के पास है। टीएमसी ग्रुप के पास 12 अंडरग्राउंड माइंस का ठेका है। इसमें 6 माइंस एसईसीएल की है। कंपनी कोयला उत्पादन के साथ की कान्ट्रेक्ट कोल माइनिंग, ओबी रिमूवल, माइन डेवलपर तथा मेटल माइनिंग के क्षेत्र में भी क्रियाशील है।

## शासन से मिली राशनकार्ड की सूची के सत्यापन में हुआ खुलासा

# जिले में 58 सौ से अधिक बड़े किसानों ने बनाया है गरीबी रेखा राशनकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 58 सौ से अधिक बड़े किसान सामने आये हैं जिन्होंने गरीबी रेखा का राशनकार्ड बनाकर सस्से खाद्यान्न का उपयोग कर रहे हैं। इन किसानों के नाम से 5 एकड़ से अधिक जमीन दर्ज है। सरकार ने 5 एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों के राशनकार्ड को निरस्त करने के संबंध में कार्यवाही करने जा रही है। इससे इन बड़े किसानों के द्वारा बनवाए गए राशनकार्ड की जांच भी की जाएगी।

**खास बात**

- कैसे बने राशन कार्ड खाद्य विभाग जुटा जांच में

जिले में राशनकार्ड के सत्यापन को लेकर पिछले दो माह से कार्यवाही चल रही है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को जिलेवार जो राशनकार्ड हितग्राहियों की सूची भेजी थी उसमें लगभग 1 लाख 30 हजार राशनकार्ड को संदिग्ध की श्रेणी में रखा है और इसके परीक्षण करने के आदेश दिये थे। उस आदेश के तहत जिले का खाद्य विभाग पिछले दो माह से राशनकार्डों का सत्यापन अपने स्तर पर कर रहा है। अब तक 8 हजार राशनकार्ड निरस्त किये जा चुके हैं और 5 हजार 8 सौ राशनकार्ड निरस्तीकरण के दायरे में आ गये हैं जिनको सत्यापन के बाद मापदंडों में नहीं आने के कारण या तो निरस्त किया जाएगा या फिर उनकी श्रेणी बदलकर एपीएल वर्ग में दर्ज कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने राशनकार्ड के लिए जो गाइडलाइन जारी की है उस गाईड लाइन के अंतर्गत जिन किसानों के पास 5 एकड़ से अधिक जमीन है उनका गरीबी रेखा का राशनकार्ड नहीं बन सकता। ऐसे राशनकार्ड किस हालत में और किन नियमों के तहत बने उनका जांच परीक्षण किया जाएगा।



फाइल फोटो

### बड़े किसानों ने बनवाए राशनकार्ड

राज्य सरकार से राशनकार्ड की सूची मिली है उसका परीक्षण किया गया है। जिनमें 58 सौ ऐसे कार्ड हैं जिनके हितग्राही के पास पांच एकड़ से अधिक जमीन दर्ज है, यह राशनकार्ड किन नियमों के तहत बने इसका परीक्षण कराया जा रहा है। उसके बाद इन्हें अपात्रों की श्रेणी में डाला जाएगा।

-**घनश्याम कंवर**, जिला खाद्य अधिकारी

### श्रम कार्ड के आधार पर बन रहे हैं राशनकार्ड

औद्योगिक जिला होने के कारण ग्रामीण अंचल के अधिकांश किसान खेती के साथ सार्वजनिक व निजी उपक्रमों में किसी न किसी ठेका कंपनी में नियोजित है और उस कंपनी के कर्मचारी के आधार पर श्रम विभाग से श्रम कार्ड बनवा लिया जाता है और फिर श्रम कार्ड के आधार पर राशनकार्ड खाद्य विभाग से बनवा लेते हैं। अधिकांश बड़े किसानों ने श्रम कार्ड के नियम को अपनाकर राशनकार्ड बनवाए हैं। खाद्य विभाग के प्रारंभिक परीक्षण के दौरान यह जानकारी सामने आयी है जिसके तहत ऐसे राशनकार्डों की जांच पड़ताल आवश्यक हो गई है।

### अंत्योदय कार्ड भी बनवाए गए

ग्रामीण अंचलों में बड़े किसानों के द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए पंचायत अधिकारियों के सहयोग से अंत्योदय कार्ड भी बनवा लिया गया है। जबकि अंत्योदय कार्ड के लिए अलग मापदंड बनाए गए हैं। खाद्य विभाग के प्रारंभिक परीक्षण के दौरान अंत्योदय कार्ड बनवाए जाने की पुष्टि हो चुकी है। आगे और उन नियमों को खंगाला जा रहा है जिनके सहारे बड़े किसानों के द्वारा राशनकार्ड की सुविधा ली जा रही है।

# मछली पालन के दौरान युवक की डूबने से मौत



रेस्क्यू करते हुए एवं इंसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बुका पिकनिक स्पॉट में शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। यहां मछली पालन इकाई में कार्यरत आशीष मरावी (24 वर्ष) की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। युवक का शव करीब 24 घंटे बाद 20 फीट गहराई से बरामद किया गया। घटना थाना बांगो क्षेत्र की है।

**खास बात**

- बुका डुबान में मिर्गी का दौरा पड़ने से हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार मृतक आशीष मरावी निवासी मेलनाडीह खुंटाघाट, रतनपुर, बुका स्थित महिला समिति संचालित मछली पालन इकाई में कार्यरत था और कॉटेज हाउस में रहकर काम करता था। शुक्रवार की सुबह आशीष अपने दो साथियों के साथ फाउटिंग हाउस की मरम्मत के लिए बुका डैम गया था। कार्य पूरा कर तीनों जब रस्सी के सहारे लौट रहे थे, तभी आशीष की अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया गया है कि उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह गहरे पानी में गिर गया। साथियों ने तत्काल आशीष को बचाने की कोशिश में पानी में छलांग लगाई, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। कुछ देर खोजबीन के बाद जब आशीष का पता नहीं चला, तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर बांगो थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 8 सदस्यीय गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। शुक्रवार शाम से शुरू हुआ अभियान शनिवार की सुबह सफलता में तब्दील हुई जब शव को डैम के 20 फीट नीचे से कांटे के सहारे निकाला गया। बांगो थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के परिजनों और साथियों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसा आशीष को कार्य के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ने से हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक और उसके दोनों साथी एक ही गांव के निवासी हैं तथा बुका में रहकर मछली पालन कार्य करते थे।

# विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन बहाली व संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि पर बनी सहमति



बैठक को संबोधित करते हुए।



धरना प्रदर्शन में शामिल कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी में नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी नवंबर माह में आदेश लागू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की मांग पर विद्युत कंपनी के प्रबंध निदेशक व मुख्य अभियंता एचआर ने संघ को आश्वासन दिया है कि नवंबर माह में इन सभी मांगों को लेकर आदेश जारी कर दिया जाएगा।

**खास बात**

- विद्युत कंपनी के चेयरमैन ने आगामी नवंबर माह में आदेश जारी करने दिया आश्वासन

उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने 24 अक्टूबर को अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन), मुख्य अभियंता (एच आर) और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि सहित संविदा कर्मचारी की ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, कैशलेश चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, राष्ट्रीय त्यौहार में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों का तर्कपूर्वक उल्लेख करते हुए सकारात्मक चर्चा की गई और इस संबंध में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपना प्रस्ताव विद्युत कंपनी प्रबंधन को प्रेषित किया और इसे शीघ्र ही आगामी नवंबर माह में लागू करने की मांग रखी। जिसके बाद विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक निर्णय लेते हुए इसे शीघ्र लागू करने आश्वाशन दिया गया है। महासंघ के प्रदेश कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे बताया है कि महासंघ के द्वारा कर्मचारी हितैषी महत्वपूर्ण 22 सूत्रीय मांग को लेकर और विद्युत कंपनी प्रबंधन के झूठे आश्वाशन एवं वादाखिलाफी के विरोध में विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर में 9 अक्टूबर को विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रबंधन के मौखिक आश्वाशन को अस्वीकार करते हुए और कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए लिखित निर्णय नहीं लिए जाने तक 10 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रारंभ किया गया। महासंघ के आंदोलन के प्रभाव में विद्युत कंपनी के चेयरमैन डॉ. रोहित यादव के द्वारा 17 अक्टूबर को महासंघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता बैठक आहूत की गई, जिसमें 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारी के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि मुद्दे पर लिखित में मिनिट्स ऑफ मीटिंग जारी करते हुए संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि एवं अन्य हितलाभ के संबंध में महासंघ से सुझाव मांगा गया था। यहां बताना होगा कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी और प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों के द्वारा अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में विचार विमर्श कर संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि, दुर्घटना बीमा, कैशलेश चिकित्सा, ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, राष्ट्रीय त्योहारों में ड्यूटी करने पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों पर अविलंब प्रस्ताव तैयार कर प्रबंधन को प्रेषित किया। आज के उपरोक्त बैठक में महासंघ की ओर से प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिंहा, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष रायपुर शहर क्षेत्र के अध्यक्ष श्री परमेश्वर कन्नौजे एवं क्षेत्रीय सचिव रायपुर शहर क्षेत्र नीलांबर सिन्हा उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत में लगाई गई बायोमेट्रिक मशीन

**खास बात**

- उपस्थिति व्यवस्था अब होगी पूर्णत: डिजिटल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर कार्यालय जिला पंचायत कोरबा में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग की उपस्थिति में बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीन स्थापित की गई। अब जिला पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति इसी मशीन के माध्यम से दर्ज की जाएगी।

गौरतलब है कि विगत दिनों मुख्यमंत्री श्री साय ने कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में निर्देश दिए थे कि समय पालन एवं समय पर उपस्थिति के लिए कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाए, जिसके परिपालन में जिला पंचायत में बायोमेट्रिक मशीन लगाई गई है। कार्यालयीन समय में अनुशासन, पारदर्शिता एवं प्रशासनिक कसावट सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। सीईओ श्री नाग ने बताया कि इस बायोमेट्रिक प्रणाली से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सटीक उपस्थिति रिकॉर्ड होगी, जिससे कार्य संस्कृति में और अधिक सुधार आएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी के थंब इंप्रेशन मशीन में दर्ज किए गए और अब इसी प्रणाली के माध्यम से उपस्थिति का दैनिक मॉनिटरिंग किया जाएगा। सीईओ श्री नाग ने कहा कि बायोमेट्रिक प्रणाली पारदर्शिता और समयबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे कार्यस्थल पर जवाबदेही और अनुशासन दोनों बढ़ेंगे।



MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE

किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ

यूरोलॉजी सेवाएँ
- लेजर से पथरी का इलाज –बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)

नेफ्रोलाजी सेवाएँ
- हेमो डायलिसिस
- पर्माकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### सड़क पर खड़े हैं सूखे पेड़, हो सकता है हादसा



**बिलासपुर।** शहर की सबसे व्यस्त सड़क लिंक रोड पर लगाए गए अलग अलग प्रजातियों के तीन पेड़ सूख गए हैं, इन पेड़ों को हटाया नहीं गया है। तेज हवा चलने पर ये पेड़ कभी भी गिर सकते हैं और बड़ा हादसा हो सकता है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### मरम्मत के बाद छोड़ दिया मलबा, टकरा रहे लोग



**बिलासपुर।** तिफरा फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड पर दो दिन पहले स्लैब उखाड़कर साफ सफाई की गई है। काम पूरा होने के बाद मलबा इसी जगह छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क से आने जाने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात के अंधेरे में मलबे के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। शिकायत के बाद भी इस मलबे को निगम अमले द्वारा नहीं हटाया गया है।

### सड़क के किनारे रख दिया कबाड़



**बिलासपुर।** अंबेडकर चौक से जेल चौक की ओर जाने वाली सड़क को कबाड़खाना बना दिया गया है। इस सड़क पर यातायात पुलिस के स्टापर रख दिए गए हैं, आसपास कचरा भी फैला है, इससे सड़क से गुजरने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### चाकू रखकर घूमते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हैप्पी स्ट्रीट में चाकू रखकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली एक युवक चाकू रखकर हैप्पी स्ट्रीट में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जूना बिलासपुर निवासी आकाश सोनी उर्फ निक्की पिता स्व. शिव कुमार सोनी को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### तलवार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। विवाद के बाद तलवार लहराकर धमकाते हुए युवक का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तलवार जब्त कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, 20 अक्टूबर को घुटकू लोनियापारा में दो गुटों के बीच आपसी विवाद हो गया, जिससे एक युवक हाथ में तलवार रखकर दूसरे पक्ष को मार देने की धमकी दे रहा था। लोगों ने तलवार लहराते युवक का वीडियो वायरल कर दिया। उसके बाद भी पुलिस युवक की तलाश में जुट गई थी। शनिवार को एएसआई अशोक चौरसियों ने दबिश देकर घुटकू निवासी सेठ्ठी उर्फ दाउराम लोनिया पिता जवाहरलाल लोनिया 34 साल को पकड़कर तलवार बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

---

निवासरत बैगा आदिवासियों की मांग रही

डिप्टी सीएम के प्रयास से किया जाएगा नवीनीकरण

# 32 करोड़ 34 लाख में सुधरेगी शिवतराई से केंवची के बीच 57 किमी की सड़क

**बिलासपुर।** कोटा से शिवतराई होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व से केंवची तक 57 किलोमीटर का रास्ता काफी खराब हो चुका है, जिसकी स्थिति सुधारने के लिए डिप्टी सीएम अरूण साव के प्रयास से 32 करोड़ 34 लाख 10 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस रास्ते के सुधारने से वर्षों से निवासरत बैगा आदिवासियों की मांग पूरी होगी।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच से गुजरने वाली सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। डामरीकरण तो दूर 10 साल से इसकी मरम्मत तक नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में राहगीर यहां से गुजरने में भी डरते हैं। संवेदनशील व संरक्षित क्षेत्र होने के कारण टाइगर रिजर्व प्रबंधन मरम्मत की अनुमति देने से अनाकानी करता है। प्रबंधन तो इसमें राहगीरों के प्रवेश पर ही प्रतिबंध लगाना चाहता है। लोगों की सुविधा से जुडी सड़क होने के कारण इस पर आज तक प्रतिबंध नहीं लग





सका, लिहाजा इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अचानकमार का जंगल जैव विविधता एवं वनस्पति से परिपूर्ण है,यहाँ पर सभी प्रकार के जीव जंतु एवं जंगली जानवरों का महत्वपूर्ण निवास स्थान है। पहले अचानकमार सेंचुरी हुआ करती थी। उस समय ज्यादा सख्त नियम नहीं थे। इसलिए लोक निर्माण विभाग आसानी से सड़कों की मरम्मत कर लेता था, लेकिन जब टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है, यहां मरम्मत कराना भी लोक निर्माण विभाग के लिए कठिन हो गया है। विभाग ने कई बार अनुमति लेने का प्रयास किया। प्रस्ताव भी भेजा गया, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी। धीरे-धीरे सड़कों की हालत जर्जर होती गई। वर्तमान में स्थिति यह है की सड़क में केवल गड्ढे ही गड्ढे.हैं। यहां से निकलना भी काफी मुश्किल हो जाता है।

### शिवतराई से केंवची तक जर्जर

अचानकमार टाइगर रिजर्व अंतर्गत शिवतराई से लेकर केंवची तक है। कोर जोन अतिसंवेदनशील क्षेत्र के कारण इतने हिस्से में मरम्मत नहीं हो सकी। टाइगर रिजर्व प्रबंधन का मानना है कि सड़क बनने के बाद गाड़ियों का दबाव बढ़ेगी। इसके अलावा गति भी तेज होगी। इससे वन्य प्राणियों को खतरा है। इस क्षेत्र में वन्य प्राणियों का मूमेंट रहता है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन के मुताबिक अचानकमार टाइगर रिजर्व की सड़क से प्रतिदिन गाड़ियां गुजरती हैं। इसमें कार और बाइक हैं। ये गाड़ियां अमरकंटक के अलावा गौरेला, पेंड्रा व मरवाही की ओर जाती है।

### सड़क बनने में लगेगा समय

एटीआर प्रबंधन के अनुसार कोर जोन को छोड़कर बफर जोन की सड़क के लिए लोक निर्माण विभाग ने कई बार प्रस्ताव मांगा था, लेकिन टाइगर रिजर्व की कमान सेन्ट्रल के पास होती है। इसके कारण उनके प्रस्ताव को एनटीसीए के पास भेजा गया, जहां से केवल मरम्मत कार्य करने की अनुमति मिली थी। इस बार प्रदेश सरकार ने सड़क के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। इस राशि के मिलने के बाद उसे बनाने में अभी काफी समय लग सकता है।

---

जीनस पैलेस में रात ढ़ाई बजे सिविल लाइन पुलिस की दबिश

# शादी घर में जुआ खेलते भाजपा नेता, पार्षद सहित 14 जुआरी पकड़े गए, 2 लाख 17 हजार रुपए जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने महाराणाप्रताप चौक स्थित शादी घर में दबिश देकर एक रूम में जुआ खेलते भाजपा नेता, पार्षद सहित 14 जुआरियों को पकड़ लिया। उनके पास से 2 लाख 17 हजार रुपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

24 अक्टूबर की रात सिविल लाइन टीआई एसआर साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि महाराणाप्रताप चौक स्थित जीनस पैलेस में रसूखदार जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर श्री साहू ने स्टाफ के साथ रात 2.30 बजे यहां छापा मारा, रूम नम्बर 1 का दरवाजा अंदर से बंद नहीं था। पुलिस अंदर गई तो रसूखदार जुआरी आराम से बैठकर दांव लगा रहे थे। पुलिस को देखकर जुआरियों के पसीने छूट गए। पुलिस ने 14 जुआरियों को पकड़ लिया।

### पकड़े गए जुआरी

- संतोष कौशिक पिता स्व. बाबूराम कौशिक ओमनगर जरहाभाठा भाजपा जिला उपाध्यक्ष
- मुन्ना श्रीवास पिता स्व. विश्राम श्रीवास 64 साल महामायापारा तखतपुर कांग्रेस पार्षद
- कैलाश देवांगन पिता स्व. चंदन देवांगन 40 साल होलिका चौक तखतपुर भाजपा पार्षद
- नैन साहू पिता स्व. मनीराम साहू 41 साल रामनगर तखतपुर भापजा मंडल अध्यक्ष
- प्रशांत मूर्ति पिता सीके मूर्ति 59 साल विनोबानगर
- नरेन्द्र रात्रे पिता स्व. मोहन लाल रात्रे 49 साल आजादनगर तखतपुर
- जाकिर खान पिता मो. हुसैन 53 साल पाठकपारा तखतपुर
- पवन पाण्डेय पिता स्व. जगदीश पाण्डेय 46 साल बेलसरी तखतपुर
- बउवा देवांगन पिता लक्ष्मी देवांगन 40 साल तखतपुर
- बल्लू पटेल पिता विश्वनाथ पटेल 32 साल दीनदयाल कालोनी मंगला
- क्रेगी मार्टीन पिता स्व. एम मार्टीन 51 साल विनोबानगर
- देवांश डोरा पिता प्रशांत डोरा 26 साल विद्यानगर
- विवेक मिश्रा पिता जेपी मिश्रा 47 साल विद्यानगर

### तारबाहर में 5 जुआरी पकड़े गए

तारबाहर पुलिस ने खुदीराम बोस चौक में दबिश देकर जुआ खेलते खुदीराम बोस चौक निवासी संतोष राज अहिरवार पिता स्वयं जगन्नाथ 44 साल, मल्लू अली पिता हैदर अली 28 साल, जवाहर लाल पिता सुखलाल चौधरी 46 साल, गौरव रजक पिता विजय कुमार रजक 26 साल व सरकण्डा कपिलनगर निवासी रजत तिवारी पिता शंकर तिवारी 26 साल को गिरफ्तार कर 2050 रुपए जब्त किया गया है।

---

एसोसिएशन ने जताया विरोध

# बिजली विभाग ने जेई की पदोन्नति का कोटा घटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की पावर कंपनियों द्वारा प्रदेश के इंजीनियरों और बेरोज़गार युवाओं का भविष्य ही संकट में डाल दिया है। सीएसपीडीसीएल में 4 सिंतबर और सीएसपीजीसीएल में मई 2025 से जेई की पदोन्नति का कोटा घटा दिया गया है। ऐसे में जेई सहायक यंत्री के पद पर प्रमोट नहीं हो सकेंगें। खास बात यह है कि सीएसपीटीसीएल ने पहले ही 20 फीसदी पदोन्नि का कोटा लागू कर दिया है, जिसे बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन इसके उलट पदोन्नति का कोटा घटाना इंजीनियरों के गले नहीं उतर रहा है।

- विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

जिली कंपनी में कर रहे जूनियर इंजीनियरों को पदोन्नति के लिए 25 वर्ष से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ेगा। कुछ सालों में सहायक यंत्री के सैकड़ों पद स्वतः रिक्त होंगे, जिससे शासन स्तर से भर्ती की जानी है। ऐसे में कोटा घटाना जूनियर इंजीनियरों के लिए अन्यायपूर्ण है। सीएसपीडीसीएल और सीएसपीजीसीएल का कोटा यथायत 70 फीसदी रखने और सीएसपीटीसीएल में भी कोटा रखने से पॉवर कंपनियों के पास 300 जूनियर इंजीनियर की भर्ती की जा सकती है। जिससे छत्तीसगढ़ के स्थानीय बेरोज़गार युवाओं को सीधा फायदा होगा।खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ में जेई की भर्ती में ही स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि एई में बाहरी राज्य के अभ्यर्थी शामिल हो जाते है। जानकारों के अनुसार कंपनी के निर्णय से 168 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार कंपनी पर पड़ सकता है। इसी समस्या को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ने आपत्ति दर्ज कराई है।

एसोसिएशन ने अपनी मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंपा है। वहीं प्रमोशन हेतु डीपीसी के बाद कनिष्ठ अभियंताओं का पदोन्नति आदेश जारी करने की मांग की है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष श्री बीबी जायसवाल एवं प्रांतीय महासचिव समीर पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### संघ के संविदा कर्मचारी ने की मांग

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन), मुख्य अभियंता (एचआर) और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात की। 2004 के बाद नियुक्त नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि,ऑन ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, कैशलेश चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, राष्ट्रीय त्यौहार में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष रायपुर शहर क्षेत्र के अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे एवं क्षेत्रीय सचिव रायपुर शहर क्षेत्र नीलांबर सिन्हा उपस्थित रहे।

---

# छठ स्पेशल ट्रेन : अनरिजर्व में 50 और रिजर्व में 22 यात्री

**बिलासपुर।** पर्लपल्ली से 24 अक्टूबर को रवाना होने के बाद पटना की ओर जाने वाली छठ स्पेशल ट्रेन शनिवार की दोपहर बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुंची। इस ट्रेन के लिए विशेष बंदोबस्त किए गए थे, लेकिन ट्रेन में यात्रियों की संख्या काफी कम थी। इसमें लगाए गए पांच जनरल कोच में 50 यात्री और एसी व स्लीपर कोच में केवल 22 यात्री ही सफर कर रहे थे।

- 21 कोच की पर्लपल्ली से पटना स्पेशल, जिसमें यात्रियों की संख्या थी केवल 72

छठ पर्व पर बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ की संभावना को देखते हुए रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेंनों का परिचालन शुरु किया है। दूसरे जोन की तरह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों से छठ पूजा स्पेशल ट्रेन शुरु कर दी गई है, जिसमें करीब 170 फेरे के लिए ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। यात्रियों की भीड़ को संभालने और उन्हें सुविधा देने के लिए रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल और डिवीजन स्तर पर सख्त आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद जोन के महाप्रबंधक सभी प्रमुख स्टेशनों पर जाकर विशेष रूप से मानिटरिंग कर रहे हैं। दूसरे स्टेशनों के साथ बिलासपुर डिवीजन और रायपुर डिवीजन के दुर्ग स्टेशन से रायपुर, उसलापुर होकर चलने वाली दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, नौतनवा एक्सप्रेस, गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, दुर्ग-आरा जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस, बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस में यात्रियों की काफी भीड़ हो गई है, जिसके कारण उनकी वेटिंग टिकिट भी क्लीयर नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर स्पेशल ट्रेन का हाल काफी बुरा हो गया है। स्पेशल ट्रेन यात्रियों को आरामदायक सफर के लिए चलाया जा रहा है, लेकिन यात्री रेलवे बोर्ड की स्पेशल ट्रेन में सफर करने में किसी तरह की कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं।

इसी तरह की स्थिति शनिवार की दोपहर 2 बजकर 40 मिनट पर बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने वाली 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन का रहा। पांच जनरल कोच, एसी एसी फर्स्ट, एक एसी टू, दो एसी थ्री, 12 स्लीपर कोच सहित 23 कोच के साथ बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर पहुंची स्पेशल ट्रेन में केवल 72 यात्री ही सवार थे, जो पटना के लिए सफर कर रहे थे।



### केवल 30 फीसदी अतिरिक्त चार्ज

रेलवे के अनुसार स्पेशल ट्रेन को यात्रियों की सुविधा के लिए ही परिचालन किया जा रहा है। इसमें जनरल कोच के साथ स्लीपर और एसी कोच भी लगाए गए हैं, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। इस स्पेशल ट्रेन में नार्मल ट्रेन में लगने वाले किराए की राशि में केवल 30 फीसदी अतिरिक्त चार्ज जोड़ा गया है। इसके बाद भी यात्रियों की संख्या कम होने के कारण रेलवे को नुकसान हो रहा है।

---

बिजली कंपनी का चीफ इंजीनियर कार्यालय

# एक पद स्वीकृत, तीन अधिकारी कर रहे काम

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर कार्यालय में अधीक्षण यंत्री का एक पद स्वीकृत होने के बाद भी 3 अधिकारियों को जबरिया बैठा कर कंपनी और शासन के रूपयों की बर्बादी की जा रही है।

- अधीक्षण यंत्री कार्यालय का हाल

चीफ इंजीनियर कार्यालय में 1 पद के विरूद्ध 3 अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। इसमें सिटी सर्किल के पूर्व अधीक्षण यंत्री पीआर साहू, पदोन्नत होकर आए राजेश कुमार झा और हाल ही में फोरम से आई स्मिता सूर्यवंशी जैसे अधिकारी शामिल हैं। शासन द्वारा कार्यालय में महज एक ही अधीक्षण यंत्री का पद स्वीकृत है, लेकिन लाखों रूपए के वेतन में यहां एक साथ तीनों अधिकारियों को बैठाकर रखा गया है। सूत्रों के अनुसार रायपुर कार्यालय को इसकी जानकारी तक नहीं भेजी गई है, ऐसे में सभी अधिकारी यहां जमे हुए हैं।

### शिकायत निवारण फोरम में 5 महिला अधिकारी

उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में सदस्यों की नवीन पदस्थापना की गई है। प्रदेश के 5 जिलों में गठित फोरम में सदस्यों के रूप में 5 महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, सभी अपने कार्य के अतिरिक्त फोरम में सदस्य की भूमिका निभाएंगें। इसमें बिलासपुर में पदस्थ फोरम सदस्य पीवीएस राजकुमार को हटाकर प्रीति रानी साव को जगह दी गई है। वहीं दुर्ग में ममता कश्यप, राजनांदगांव गीता ठाकुर, जगदलपुर चित्रा खत्री और अंबिकापुर में मेरी लिली तिर्की की पदस्थापना की गई है।

### पदस्थापना आदेश जारी नहीं किया गया

कार्यालय में एक ही पद स्वीकृत है, लेकिन तीनों अधिकारियों का कोई पदस्थापना आदेश जारी नहीं किया गया है। सभी अपना काम कर रहे है।

-एके अम्बस्ट, चीफ इंजीनियर

### अवैध महुआ शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने महुआ शराब बेचने वाले कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह को सूचना मिली कि बेल्हा में एक कोचिया भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बेच रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ गांव में दबिश देकर संजू चतुर्वेदी पिता छोटकू राम को पकड़ लिया। उसके पास से 14.5 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है।

---

# निगम ने नहीं बनाया, लोगों ने की सड़क की मरम्मत



**बिलासपुर।** बारिश में जगह जगह सड़कें उधड़ गई हैं, सड़कों पर भारी भरकम गड्ढे हो गए हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं, बारिश समाप्त होने के बाद भी सड़कों की मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया है।

मसानगंज में सरजू बगीचा चौक के पास सड़क पर भारी भरकम गड्ढा हो गया था, इस गड्ढे के चलते लगातार दुर्घटनाएं हो रही थीं, रात के अंधेरे में दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे थे। लोग लगातार इस गड्ढे की मरम्मत करने की मांग कर रहे थे, लेकिन निगम अमले ने ध्यान नहीं दिया, अंत में थक हारकर मोहल्ले के लोगों ने ही इस गड्ढे पर मलबा और मिट्टी भरकर इसकी मरम्मत की है। इस सड़क की तरह शहर की कई अन्य सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। खराब सड़क पर कहीं कीचड़ फैल रहा है तो कहीं धूल के गुबार उड़ रहे हैं, उसके बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं की जा रही है।

---

शिवरीनारायण-केराकछार क्षेत्र में कार्रवाई

# रेत के अवैध कारोबार पर शिकंजा जेसीबी व ट्रैक्टर समेत 16 गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसते हुए खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जेसीबी व ट्रैक्टर सहित 16 वाहनों को जब्त किया गया।

दीपावली त्यौहार के बाद रेत के अवैध कारोबारियों पर जिले में कार्रवाई की शुरूआत की गई। जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक आर.एल. राजपूत के नेतृत्व में बम्हनीडीह, खपरीडीह, केराकछार-पंतोरा और शिवरीनारायण क्षेत्र में औचक जांच की गई।जांच के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन करते कुल 12 ट्रैक्टर पकड़े गए। जिनमें से 6 ट्रैक्टर बम्हनीडीह व खपरीडीह क्षेत्र से और 6 ट्रैक्टर केराकछार-पंतोरा क्षेत्र से जब्त किए गए हैं। इनमें से छह वाहनों को कलेक्टर परिसर में तथा शेष छह को पंतोरा थाना परिसर में सुरक्षा हेतु रखा गया है। वहीं शिवरीनारायण क्षेत्र में पुलिस की सहायता से खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लिप्त 4 वाहनों 1 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर को भी जब्त किया है। सभी वाहन पुलिस थाना शिवरीनारायण में सुपुर्द किए गए हैं। खनिज विभाग ने बताया कि इन सभी मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी को संबंधित वाहनों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई करने कहा गया है।



## खबर संक्षेप

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी करने पर शिक्षक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** प्रधान मंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया फेसबुक पर आपत्तिजनक टिपण्णी करने के मामले में पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शासकीय प्राथमिक शाला मक्याठी के सहायक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद टंडन प्रधानमंत्री के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी के कार्रवाई करते हुए शिक्षक को निलंबित कर दिया था जबकि भाजपा कार्यकर्ता बकड़ीमहरी निवसी विजय प्रताप सिंह द्वारा इस मामले की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने शिक्षक जांजगीर चांपा निवासी 47 वर्षीय ईश्वरी प्रसाद टंडन आ. स्व. राजकुमार टंडन के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 352, 353(1), 363(1), (353) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### बलौदा क्षेत्र में नहीं थम रहा डीजल चोरी का सिलसिला

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर और कोरबा जिले का सीमावर्ती बलौदा क्षेत्र डीजल चोरों का सुरक्षित ठिकाना बनकर रह गया है। यहां डीजल चोरी करने और उसे औने पौने दामों में बेचने का कारोबार निर्बाध गति से चल रहा है। ऐसा भी नहीं है इसकी जानकारी पुलिस को ना हो। बावजूद इसके ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। बलौदा थाना क्षेत्र में डीजल चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे वाहन मालिक और स्थानीय लोग चिंतित हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कोरबा क्षेत्र से आने वाली गाड़ियों के डीजल को चोरी करके अवैध रूप से बेचा जा रहा है। यह धंधा लंबे समय से चल रहा है और इसे रोकने के लिए अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों और वाहन संचालकों का कहना है कि चोरी की यह प्रवृत्ति नियमित रूप से बढ़ रही है। लोग बताते हैं कि चोरी करने वाले गिरोह दिन-दिहाड़े डीजल भराई और वितरण के दौरान वाहन से डीजल चुराकर बाहर ले जाते हैं और उसे काले बाजार में बेच देते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस को इस पूरे मामले की जानकारी है, बावजूद इसके चोरी को रोकने में नाकामी रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे अपराधी बेधड़क अपनी गतिविधियों को जारी रख रहे हैं।

### 22 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम बरगवां में अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने वाले आरोपी को 22 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार करने में अकलतरा पुलिस को सफलता मिली है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है कि इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम बरगवां में आरोपी गोपाल श्रीवास उम्र 52 वर्ष के कब्जे से कुल 22 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 44 सौ रूपये बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा प्रधान आरक्षक विकास मिश्रा, आरक्षक भूषण राठौर योगदान रहा।

### चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे ईंट से वार कर हत्या

**राजपुर।** चरित्र शंका पर पत्नी की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। मृतिका को अंधेरे में किसी से बात करते सुनने के बाद युवक ने आक्रोशित होकर डंडे व ईंट से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया और फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता हासिल की। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम घटगांव डकईव्यौरा निवासी 28 वर्षीय शिव कुमार आ. रतिराम पहाड़ी कोरवा अपनी पत्नी हिरामनी व तीन छोटे बच्चों के साथ रहता था जबकि उसकी मां सुमित्री पहाड़ी कोरवा अलग घर में रहती थी। 23 अक्टूबर की रात 10 बजे शिव कुमार और हीरामनी के बीच किसी बात को लेकर विवाद और शोरगुल हो रहा था। विवाद बढने पर युवक ने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर जब युवक की मां बीच बचाव करने गई तो युवक ने अपनी मां को भी ईंट से मारने के लिए दौडाया जिसपर महिला युवक के तीन बच्चों को लेकर भाग गई और जाकर गांव के रतिराम के घर में सो गई।

## श्रीमद भागवत कथा में उमड़ रहे श्रद्धालु

# दुनिया के सभी प्राणियों की मृत्यु होना सत्य है : आचार्य टंकेश



कथा श्रवण करते श्रद्धालु एवं इंसेट में भगवताचार्य।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा**

रामायण जायसवाल एवं जायसवाल परिवार कटघोरा के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में तीसरे दिवस की कथा में आचार्य टँकेश दुबे महाराज ने अपने व्यास पीठ से श्रोताओं को हिरण्यकश्यप के घोर तपस्या की कथा सुनाई कथा में बताया कि एक बार भगवान सुखदेव जी महाराज राजा परीक्षित को कथा सुनाते हुए बताते हैं कि एक बार हिरण्यकश्यप ने भगवान की घोर तपस्या की तभी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान ब्रम्हा बोलते है की है हिरण्यकश्यप मैं तुम्हारी तपस्या से प्रसन्न हूँ वर मांगों क्या चाहते हो तभी हिरण्यकश्यप ने प्रभु से कहा कि हे प्रभु अगर आप मुझे वर देना ही चाहते हो तो ऐसा वर दे कि अमर हो जाऊं मैं कभी भी ना मरु तब भगवान ब्रम्हा ने कहा कि हे हिरण्यकश्यप तुम कोई दूसरा वर मांग लो क्योंकि यह सत्य है कि दुनिया मे सभी की मृत्यु तय है जो इस दुनिया मे आया है उसे एक नया एक दी जाना ही है तो ठीक है प्रभु आप मुझे ऐसा वर दे कि मुझे ना कोई जीव जंतु मार सके ना मैं घर के अंदर मरु व ना मैं घर के बाहर मरना मैं शस्त्र से मरु ना मैं आसमान में मरु ना मैं पाताल में मरु सुन भगवान ने उन्हें तथास्तु कहा तब हिरण्यकश्यप वरदान प्राप्त करने के पश्चात अपने पुत्र को शिक्षा प्राप्त करने के लिए आश्रम में भेज देते हैं वहां शिक्षक के द्वारा प्रहलाद को शिक्षा ग्रहण कराया जाता है एक बार हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद को अपने पास बुलाकर पूछते हैं कि पुत्र तुमने क्या क्या क्या शिक्षा ग्रहण किया है तब प्रहलाद ने कहा नारायण नारायण यह सुनकर गुस्से से उस शिक्षक को बुलाते हैं व पूछते हैं कि यह तुमने क्या शिक्षा दी है तब शिक्षक ने प्रहलाद से पूछा कि हे वत्स मैंने तो तुम्हे यह शिक्षा नही दी थी तो तुमने यह शिक्षा कहा से ग्रहण की तब प्रहलाद कहते हैं कि हे गुरुदेव यह शिक्षा तो मैंने अपने माता श्री के गर्भ में ही सिख लिया था और पुनः नारायण नारायण कहते हैं और अपने पिता से कहते हैं कि हे पिताश्री यह मेरे रोम रोम में बसा हुआ है यह सुनकर हिरण्यकश्यप क्रोधित हो जाते हैं और कहते हैं कि तुम मेरे दुश्मन का नाम लेते हो इस पर अपने सैनिकों को बुलाते हैं व प्रहलाद को पहाड़ से फेंकने का आदेश देते हैं तभी सभी सैनिक महराज का आदेश पाकर प्रहलाद को पहाड़ से नीचे फेंक देते हैं मगर प्रहलाद हंसते हुए खड़े हो जाते हैं उनके सैनिको के द्वारा कभी गर्म तेल तो कभी अग्नि में तो कभी सांपो के कुए में डालकर अनगिनत तरीके से प्रहलाद को मौत के घाट उतारना चाहा मगर हर बार बच जाते हैं तभी हिरण्यकश्यप को अपनी बहन होलिका की याद आती है व तुरन्त होलिका को बुलाते हैं और उसे सारी कहानी बताते हैं तब होलिका कहती है आप बिलकुल भी चिंता ना करे आप केवल लकडी का एक कुंड तैयार करवाइये मैं उस कुंड में प्रहलाद को गोद मे लेकर बैठ जाऊंगी और सैनिको को बोल देना की उस कुंड में आग लगा दे उस आग में से मैं बच जाऊंगी व प्रहलाद जलकर भस्म हो जाएगा फिर सैनिको के द्वारा आग लगा दी जाती है तब प्रहलाद ने नारायण नारायण जपना शुरू किया फिर क्या होलिका उस आग में जल जाती है व प्रहलाद बच जाते हैं उसके बाद यह सब देख एक बार हिरण्यकश्यप प्रहलाद को अपने महल के खम्भे में बांध देते हैं और अपने पुत्र को कहते हैं कि लगता है तुम्हारी मौत मेरे हांथो से ही निश्चित किया गया है इसलिए अपने प्रभु को याद कर लो तब प्रहलाद हंसते हुए कहते हैं कि मेरे नारायण तो कण कण में बसे हुए हैं तो उन्हें क्या बुलाना तब हिरण्यकश्यप कहते है कि तो क्या इस खम्भे में भी है तुम्हारा नारायण तब प्रहलाद कहते हैं कि हां पिताजी मेरे प्रभु स्वामी नारायण इस खम्भे में भी है तब क्रोधित होकर हिरण्यकश्यप अपने तलवार से उस खम्भे के दो टुकड़े कर देता है तभी अचानक खम्भे से भगवान नारायण नरसिंह का अवतार लेकर प्रकट होते हैं और हिरण्यकश्यप को उठाकर द्वार के ठीक बीच मे ले जाते हैं और अपने जांघ में लेटाकर अपने हाथों के नाखूनों से हिरण्यकश्यप के पेट को फाड़ देते हैं व उसका वध कर देते हैं इस अवसर पर धन्नू प्रसाद दुबे, अजय दुबे, रामनारायण जायसवाल, अशोक दुबे,रामावतार अग्रवाल सहित समस्त नगरवासियों के सांथ सांथ बाहर दूर दराज से आये श्रोता गणो ने कथा का रसपान किया।

# मनमाने तरीके से डंप की जा रही फ्लाईऐश, प्रदूषण का बढ़ा खतरा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

पोड़ी उपरोड़ा में इन दिनों बड़े पैमाने पर बिजली घरों से निकलने वाली राखड़ की डंपिंग की जा रही है। बताया जाता है कि ट्रांसपोर्टर ने निजी जमीन के गड्ढे को पाटने के नाम पर राखड़ की डंपिंग शुरू कर दी है, लेकिन यह कार्य पूरी तरह नियमों के विपरीत हो रहा है। ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि मनमानी तरीके से हो रही डंपिंग से आने वाले समय में खेतों की उर्वरा शक्ति और आसपास के पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ सकता है।

आरोप है कि राखड़ डंपिंग जिस भूमि पर की जा रही है, उसके चारों ओर दर्जनों किसानों के खेत मौजूद हैं। इनमें मुरली यादव, जय मंगल, पानसाय, विजय कुजूर, बेरोनिका, विक्रम मरकाम समेत कई किसानों की कृषि भूमि शामिल है। फिलहाल राखड़ पटिंग खेतों तक अभी नहीं पहुंची है, लेकिन जिस तेजी से गड्ढा पाटा जा रहा है, उससे आशंका है कि कुछ ही दिनों में यह राखड़ खेतों में फैल सकती है और फसल को नुकसान पहुंचा सकती है। मामले को गंभीर बताते हुए युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित पाल ने पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम को लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नियमों के मुताबिक राखड़ डंपिंग का कार्य नहीं कराया गया और किसानों की जमीन सुरक्षित नहीं रखी गई, तो प्रभावित किसानों और युवा कांग्रेस द्वारा बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। किसानों के अलावा राहगीरों को भी इस मनमानी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टर द्वारा भूमि से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी राखड़ का ढेर लगा दिया गया है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल और राखड़ उड़ने से राहगीर परेशान हैं और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। युवा कांग्रेस का कहना है कि मामले की जानकारी होने के बावजूद प्रशासन मौन है। जिम्मेदार अधिकारी और विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। युवा कांग्रेस, किसानों और ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन तुरंत हस्तक्षेप कर नियम विरुद्ध राखड़ डंपिंग को रोके, ताकि आने वाले समय में कृषि भूमि और पर्यावरण पर संकट न आए। यह मामला अब केवल किसानों की आजीविका से नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य और पर्यावरण से भी जुड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

**खेतों के आसपास अनुमति देने का क्या आधार**

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब उक्त भूमि के पास किसानों की कृषि भूमि मौजूद है, तो आखिर पर्यावरण विभाग ने इस डंपिंग की अनुमति किस आधार पर दी? ना ही मौके का विभागीय निरीक्षण किया गया ना ही किसानों से परामर्श ली गई इसके अलावा ट्रांसपोर्टर ने ग्राम पंचायत से भी अनुमति ले ली है, लेकिन नियमों की अनदेखी करते हुए कार्य को अंजाम दिया जा रहा है।

# खदान विस्तार परियोजना में भूविस्थापितों पर अत्याचार, लोकतंत्र पर कलंकः जयसिंह

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि एसईसीएल के अधीन संचालित गेवरा कोयला खदान विस्तार परियोजना से प्रभावित भूविस्थापित परिवारों पर बीते दिनों हुआ लाठीचार्ज, उत्पीड़न और निजी बाउंसरों द्वारा दी जा रही धमकियां एक गंभीर और निंदनीय घटना है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवाधिकारों की खुली अवहेलना का प्रतीक है।



जयसिंह अग्रवाल।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा है कि भूविस्थापित ग्रामीण वर्षों से अपनी जमीन, आजीविका, और पुनर्वास अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। इनकी माँगें उचित मुआवजा, रोजगार में पारदर्शिता, पुनर्वास स्थल की व्यवस्था, तथा विस्थापन से जुड़ी सामाजिक सुरक्षा न केवल जायज़ हैं बल्कि संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों के अंतर्गत आती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जवाब में खदान प्रबंधन ने संवाद के बजाय दमन का रास्ता चुना। सीआईएसएफ जवानों द्वारा लाठीचार्ज करवाना न केवल अमानवीय है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रशासनिक मशीनरी अब आम नागरिकों के बजाय औद्योगिक हितों की सुरक्षा में लगी हुई है और भी चिंताजनक बात यह है कि खदान ठेका कंपनियों द्वारा निजी बाउंसर्स को ग्रामीणों को डराने-धमकाने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। यह कार्रवाई सीधे-सीधे कानून-व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ाती है और यह प्रश्न उठाती है कि आखिर प्रशासन इन घटनाओं पर मौन क्यों है। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह घटना केवल कुछ ग्रामीणों की समस्या नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, कानून और नागरिक अधिकारों के लिए खतरे की घंटी है। जिन भूमि-पुत्रों की जमीन पर कोयले की खुदाई कर सरकार और कंपनियाँ अरबों का राजस्व अर्जित कर रही हैं, उन्हीं लोगों को आज उनके ही घरों से उजाड़ा जा रहा है यह विडंबना नहीं, बल्कि शासन की संवेदनहीनता का प्रमाण है।

# बालको ने कार्यस्थल पर चलाया मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

बालको ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अंतर्गत मानसिक दृढ़ता, भावनात्मक संतुलन और कार्यस्थल पर जीवन की गुणवत्ता में सुधार हेतु जागरूकता एवं परामर्श सत्र आयोजित किए। इसके माध्यम से कंपनी ने कर्मचारियों के समग्र कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। अपने वेलनेस पार्टनर योरदोस्त के सहयोग से बालको ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की। जिनमें माइंड जिम क्विज नामक 60 सेकंड की प्रतियोगिता शामिल थी। इसका उद्देश्य एकाग्रता बढ़ाना और मानसिक तर्कशीलता को प्रोत्साहित करना था। वरिष्ठ



कार्यक्रम में उपस्थित बालको के अधिकारी कर्मचारी।

मनोवैज्ञानिक डॉ.अंकिता सिंह ने कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें तनाव के शुरुआती लक्षणों की पहचान, व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाने तथा मानसिक स्वास्थ्य को समय रहते संभालने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की गई। व्यक्तिगत सहायता उपलब्ध कराने के लिए बालको ने वन-ऑन-वन काउंसलिंग सत्रों की भी व्यवस्था की, जिससे कर्मचारी सुरक्षित और गोपनीय वातावरण में विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त कर सकें। समाधान केंद्रित इन सत्रों ने कर्मचारियों को अपनी चिंताओं को पहचानने और अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित किया, जिससे संगठन के भीतर सुनने और सहयोग करने की संस्कृति को और सशक्त किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी की प्रगति की शुरुआत लोगों से होती है और आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में भावनात्मक सुख-शांति अत्यंत आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य एक साझा जिम्मेदारी है, हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि वह समर्थित, मूल्यवान है और बिना किसी भय के परामर्श प्राप्त कर सकता है। हमारा लक्ष्य ऐसा कार्यस्थल बनाना है जहाँ खुलकर बातचीत, संवेदनशील समुदाय और हर व्यक्ति को सुना जाए ताकि वह अपनी पूर्ण क्षमता से विकसित हो सके। अपने अनुभव साझा करते हुए शोविनी खेर ने कहा कि अक्सर कोई भी शुरुआती संकेतों के बारे में बात नहीं करता जैसे मनोदशा, ऊर्जा या ध्यान में सूक्ष्म बदलाव, जो किसी गहरी समस्या का संकेत हो सकते हैं।

# एसईसीएल में 536 अभ्यर्थी क्लर्क भर्ती की देंगे परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

एसईसीएल में खाली पड़े क्लर्क के 536 पदों को भरने के लिए विभागीय परीक्षा 1 नवंबर को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं और इन्हें एसईसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। परीक्षा के आयोजन के लिए बिलासपुर के चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। अभ्यर्थियों को परीक्षा दिवस पर सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दो घंटे की अवधि में होगी। एसईसीएल के 2024-25 के श्रमशक्ति बजट के अनुसार, क्लर्क वर्ग के लिए कुल 536 पदों पर भर्ती की जा रही है, जिनमें 395 पद सामान्य वर्ग, 80 पद अनुसूचित जाति (एससी), 40 पद अनुसूचित जनजाति (एसटी) और 21 पद दिव्यांग कर्मियों के लिए आरक्षित हैं। इस विभागीय भर्ती के लिए एसईसीएल ने पहले अधिसूचना जारी कर 10 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए थे। अभ्यर्थियों को जारी किए गए प्रवेश पत्र पर संबंधित स्टॉफ ऑफिसर से हस्ताक्षर और मुहर लगवाना अनिवार्य होगा। बिना हस्ताक्षर और मुहर के प्रवेश पत्र मान्य नहीं होगा। परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल, कैलकुलेटर या स्मार्टवॉच ले जाने की अनुमति नहीं होगी। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी और सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे। परीक्षा में 40 अंक विषय ज्ञान, मानसिक योग्यता, मात्रात्मक तर्क और तर्क कौशल से संबंधित होंगे। 40 अंक के प्रश्न सामान्य जागरूकता, सामान्य ज्ञान तथा कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) व एसईसीएल से संबंधित जानकारी पर आधारित होंगे। शेष 20 अंक कंप्यूटर ज्ञान पर आधारित होंगे। परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक तथा अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

# कटबिटला में किसान संगोष्ठी का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

राज्य स्थापना रजत जयंती के उपलक्ष्य में विकासखंड ग्राम कटबिटला में किसान संगोष्ठी6 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के साथ संवर्गीय विभाग उद्यान, पशु चिकित्सा, मछली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं के साथ तकनीकी जानकारी किसानों को प्रदान किया गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष 2026 अनुरूप महिला किसानों को सब्जी बीज वितरण कर पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुष्मिता कमलेश अनंत



सभापति कृषि स्थाई समिति, विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोषी धीवर, उप सरपंच कटबिटला, विजय कंवर एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित सीमा गौतम नायक, अनुविभागीय अधिकारी कृषि कोरबा, एस मरकाम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कोरबा, कुलदीप रात्रे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोरबा, सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## ग्राम डोकरमना से उदयपुर पुरानी सड़क का हो रहा नवनिर्माण

# तैयार हो रही जिले के वनांचल क्षेत्र से उदयपुर तक आवागमन के लिए सड़क

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

जिले के सुदूर वनांचल और पड़ोसी जिले से लगे क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण कार्य शुरु हो चुका है जिससे दूसरे जिले के लिए आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। विकासखंड कोरबा के ग्राम डोकरमना से उदयपुर तक जो सूरजपुर का हिस्सा है। सड़क का निर्माण तेज गति से जारी है लंबे समय बाद सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। देवपहरी और लेमरु से उदयपुर तक के लिए यात्री गाड़ियां भी चलती है।

कोरबा ब्लाक के श्यांग गुरमा से धरमजयगढ़ तक सड़क निर्माण कार्य का प्रस्ताव तैयार हुआ है। उक्त सडक बनने के बाद श्यांग से गुरमा होते हुए धरमजयगढ़ तक आवागमन आसान हो जाएगा। इसी तरह कोरबा ब्लॉक के ही दूसरा क्षेत्र जो सूरजपुर जिले की सीमा से लगा हुआ है देवपहरी से लेमरु से होते हुए डोकरमना के रास्ते चोरनई नदी के आगे उदयपुर तक सड़क के निर्माण को लेकर दो हिस्सों में काम हुआ था, जिसमें सूरजपुर जिला प्रशासन में उदयपुर के अंतिम छोर तक सड़क का निर्माण किया। इसी तरह कोरबा जिला प्रशासन ने भी चोरनई नदी पुल का निर्माण सड़क निर्माण कार्य को अंजाम दिया था। अब उक्त सड़क से उदयपुर, सूरजपुर से यात्री गाड़ियों का कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र लेमरु, देवपहरी तक आना जाना शुरु हो चुका है। दो यात्री गाड़ी उक्त सड़क मार्ग से गुजरती है। सड़क के निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग को एजेंसी बनाया गया है।



सड़क निर्माण में लगे मजदूर।

**पीएमजीएसवाई से भी बनेंगे सड़क**

वनांचल क्षेत्र के छोटे छोटे पारेटोले तक पहुंच मार्ग के निर्माण को लेकर भी कार्य चल रहे हैं। इन गांव तक पूर्व में मनरेगा के मद से मिट्टी का सड़क मार्ग तैयार किया गया था। उक्त छोटे छोटे सड़क मार्ग को पीएमजीएसवाई योजना में शामिल कर डामरीकरण का कार्य किया गया है। अब जनजाति क्षेत्रों में पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण शुरु तो हुआ है किंतु डेढ़ साल में एक सड़क का निर्माण ही हो सका है।

**अन्य जिले के व्यापारी आते हैं बाजार**

सूरजपुर जिले के अधिकांश व्यापारी लेमरु और देवपहरी में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में दुकान लगाने पहुंचते हैं ऐसे व्यापारियों की संख्या लगभग 20 से 30 है जिसकी संख्या लगातार बढ़ रही है। उदयपुर क्षेत्र से पिछले चार साल से लेमरु बाजार आने वाले कपड़ा व्यापारी रुखसार अली के मुताबिक सुबह जल्दी आना पड़ता है कोई व्यापारी गुरुवार की शाम पहुंच जाते हैं। शुक्रवार को शाम 4 बजे तक ही बाजार लगता है। जंगली क्षेत्र होने के कारण उदयपुर व सूरजपुर से आने वाले व्यापारी जल्दी निकल जाते हैं।

### निःशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति के स्व डायरेक्टर स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के पुण्यतिथि पर लायंस क्लब गुरूकुल एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में बच्चो एवं ग्रामवासियों के लिए निःशुल्क दंत एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डा.विकेश मित्तल दंत रोग विशेषज्ञ-मित्तल डेंटल केयर एवं डॉ इंद्रासन चंदन (नेत्र रोग विशेषज्ञ) सहित अन्य टेक्नीशियन उपस्थित थे। क्लब के सदस्य, शिक्षक बच्चों एवं चिकित्सकों ने स्व.नितेश कुमार अग्रवाल के फोटो में माल्यार्पण कर दीपप्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य बीआर रात्रे के द्वारा स्व.नितेश अग्रवाल के जीवन से संबंधित कुछ यादगार पलों की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण क्षेत्रों से आने वालों के लिए बस सुविधा का दिया गया सुझाव

**कोरबा।** राज्य की रजत जयंती स्थापना वर्ष पर जिले में राज्योत्सव कार्यक्रम 2 से 4 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। राज्योत्सव की तैयारी के बीच जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने बैठक आयोजित की गई। दूर-दराज ग्रामों से आने वाले लोगों के लिए बस सुविधा का सुझाव दिया गया हैं। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति और लोककला को विशेष रूप से शामिल किया जाए, ताकि स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल सके और उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की स्टॉल, फूड जोन का भी प्रस्ताव दिया। राज्य व राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को आमंत्रित करने, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूला और मेला लगाने, आकर्षक स्टॉल स्थापित करने व पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि राज्य उत्सव में पहुंचे लोगों को एक मनमोहक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध अनुभव मिल सके। बैठक में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग, निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद अशोक चावलानी, नरेन्द्र देवांगन, गोपाल मोदी, राजेन्द्र जायसवाल उपस्थित थे।

### खम्हरिया के भाठापारा में विधायक ने सीसी रोड का किया भूमिपूजन



**हरदीबाजार।** पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया के भाठापारा में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा विधायक निधि एवं जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि यह कच्ची सड़क ग्राम वासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसका भूमिपूजन कर साकार रूप दिया गया अब लोगों को आने जाने के लिए सुलभ होगा। कार्यक्रम में शासन के योजनाओं के बारे मे भी लोगों को जानकारी दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम रघुराज सिंह, जनपद सदस्य कमलेश कुर्रे, सरपंच श्रीमती अनिता भारती, मनहरण सोनी, द्वारिका भारद्वाज, गजेंद्र कुमार, परमेश्वर काठले सहित गांव के नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे ग्रामीण छात्रों को मिलेगा हर सहयोग : राठिया



**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए यह गर्व का विषय है कि राठिया समाज के युवा अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। ग्राम एलांग के मनीष राठिया अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं, वहीं ग्राम बांधापाली के मुकेश कुमार राठिया राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। रामपुर विधानसभा के विधायक फूल सिंह राठिया ने दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को बधाई देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है। मैं क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों से अपील करता हूं कि अपने बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करें, ताकि वे समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान दे सकें। विधायक फूल सिंह राठिया ने दोनों विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं और कहा कि उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगी।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्राइवर महासंघ ने खोला मोर्चा

# छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ का स्टेयरिंग छोड़ो चक्काजाम आंदोलन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार से स्टेयरिंग छोड़ो चक्काजाम आंदोलन का ऐलान किया था। जिसके तहत जिले के ट्रक चालकों ने भी कामबंद हड़ताल शुरू कर दिया। चालकों के हड़ताल पर जाने से अधिकतर वाहनों के पहिए थमे रहे। वहीं दूसरी ओर ट्रक महासंघ के पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा बसों को रोके जाने से यातायात व्यवस्था बाधित हुई। पाली, दीपका सहित अन्य क्षेत्रों में बसों को रोके जाने से जाम की स्थिति बनी रही।

**खास बात**
- ट्रकों व बसों के पहिए थमने से यातायात व्यवस्था हुई बाधित

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ड्रावर महासंघ अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर स्टेयरिंग छोडो चक्काजाम आंदोलन शुरू कर दिया है। महासंघ ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी और प्रदेशभर में कोई भी यात्री या मालवाहक वाहन सड़कों पर नहीं उतरेगी। जिले में भी ड्राइवर महासंघ संगठन के सदस्यों ने अन्य शहरों कस्बों में पहले चक्काजाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद वे सड़क किनारे धरना देने लगे। ड्राइवरों की मुख्य मांगों में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने, ड्राइवर आयोग और ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड के गठन, कमर्शियल लाइसेंस पर बीमा की व्यवस्था, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये और अपंगता की स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग शामिल है। इसके अलावा चालक हेल्थ कार्ड, 55 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन, ड्राइवरों के बच्चों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण, राज्य के सभी जिलों में ड्राइवर स्मारक निर्माण और ड्राइवरों के साथ मारपीट या लूट की घटना पर पांच वर्ष तक के कठोर दंड का प्रावधान करने जैसी मांगें भी रखी गई हैं।



आंदोलन में शामिल चालक।

**बसों को रोके जाने से बनीं जाम की स्थिति**

ड्राइवर महासंघ के आंदोलन का असर जिले में भी देखने को मिला। महासंघ के सदस्यों ने पाली रोड व दीपका रोड में चलने वाली यात्री बसों को भी रोकने का प्रयास किया। हालांकि जिले के बस चालकों ने इस आंदोलन से दूरी बनायी हुई है। कोई भी यात्री बस का चालक आंदोलन में शामिल नहीं है। हालांकि ड्राईवर महासंघ द्वारा बसों को रोके जाने से कुछ स्थानों पर यातायात व्यवस्था बाधित रही। बसों के पहिए थमने से मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं बसों में सवार यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।

**लगभग 60 हजार ड्राइवरों का हड़ताल को समर्थन**

ड्राइवरों का कहना है कि लंबे समय मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस कारण मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा है। अब उनकी मांगे पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ड्राइवर महासंघ ने दावा किया है कि प्रदेश भर में करीब 50 से 60 हजार ड्राइवर संगठन से जुड़े हुए हैं और सभी ने एकजुट होकर इस हड़ताल का समर्थन किया है।

## गजराज बने अन्न उत्पादकों के लिए परेशानी का सबब



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में बड़ी संख्या में सक्रिय गजराज अन्न उत्पादकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। गजराजों का झुंड अन्न उत्पादकों के क्षेत्र में पहुंचकर वहां तैयार धान की फसल को रौंदकर खलिहान में पहुंचने से पहले ही मटियामेट कर दे रहे हैं। जिससे अन्न उत्पादक काफी परेशान हैं। उनके द्वारा फसल की सुरक्षा की गुहार लगातार लगाई जा रही है लेकिन वन विभाग गजराजों से फसल को बचाने में नाकाम हो रहा है। जिससे परेशानी और भी बढ़ जा रही है। जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमंडल के पचरा, पाली तथा मोरगा क्षेत्र में 54 की संख्या में गजराज घूम रहे हैं। जिनमें से 11 का झुंड कोरबी क्षेत्र में धान फसल को रौंदने के बाद पाली का रूख कर लिया। जबकि पचरा क्षेत्र में मौजूद गजराजों का उत्पात जारी है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में 52 हाथी बड़मार व रामपुर सर्किल में लगातार उत्पात मचा रहे हैं लेकिन इनमें से रामपुर क्षेत्र में सक्रिय 20 गजराजों ने बीती रात छाल रेंज का रूख कर लिया। हाथियों के इस झुंड को यहां के जंगल में शनिवार की सुबह विचरण करते हुए देखा गया, जबकि 32 हाथी बड़मार सर्किल में मौजूद है। हाथियों के इस झुंड ने जमकर उत्पात मचाते हुए पीडिया, बोतली, कोटमेर व अन्य गांवों में 15 से अधिक ग्रामीणों की फसल को तहस-नहस कर दिया।

**खास बात**
- बड़मार व रामपुर सर्किल में दर्जन भर से अधिक ग्रामीणों की फसल चौपट

# एससीसी कंपनी के चालकों ने कोरबा जीएम कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर कोयला खदान में कार्यरत एससीसी कंपनी के वाहन चालकों व ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर कोरबा जीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से मांग रखने के बावजूद कंपनी प्रबंधन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है। इससे आक्रोशित होकर उन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन शुरू किया है।

**खास बात**
- एचपीसी दर पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा

ठेका श्रमिकों ने बताया कि पिछले कई महीनों से वेतन में अनियमितता बरती जा रही है। समय पर भुगतान नहीं होने से मजदूरों को परिवार का खर्च चलाने में परेशानी हो रही है। इसके साथ ही ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। वाहन चालकों का कहना है कि खदान में प्रतिदिन 12 घंटे तक काम कराने के बावजूद मजदूरों को सिर्फ 8 घंटे की मजदूरी दी जाती है। इसके अलावा श्रमिक सुरक्षा के साधन जैसे हेलमेट, दस्ताने और जूते भी समय पर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। धरना स्थल पर मजदूरों ने कहा कि वेतन, ओवरटाइम, बोनस और सुरक्षा मानकों को लेकर कई बार प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में एसईसीएल प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के बीच वार्ता की संभावना जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं ताकि स्थिति नियंत्रण में बनी रहे। धरने में बड़ी संख्या में ड्राइवर, हेल्पर और अन्य मजदूर शामिल हुए हैं। मजदूर संगठनों ने भी इस आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है और कहा है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।




धरना प्रदर्शन में शामिल कंपनी के चालक।

# रेसिंग करना पड़ा महंगा, रेस्टोरेंट की दीवार से टकराई कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओपन थिएटर घंटाघर मार्ग पर पिछली रात हुए हादसे में दो युवक घायल हो गए। उनकी स्वीफ्ट कार घंटाघर मोड़ पर गोल चक्कर लगाने के बाद रेस्टोरेंट की दीवार से जा टकराई और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। नशे के चक्कर में दूसरी गाड़ी से रेसिंग करना महंगा पड़ा। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि शनिवार की सुबह कार मौके से नदारद मिली।

शुक्रवार की देर रात यह घटना हुई। सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस हादसे के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिलासपुर पासिंग स्वीफ्ट कार में दो युवक सवार थे, दोनों ही असामान्य स्थिति में थे। वे इसी रास्ते से जा रहे एक अन्य गाड़ी से स्पर्धा कर रहे थे। इसके क्या नतीजे होंगे, इस बारे में शायद उन्हें अनुमान नहीं था। पहले से ही गड्ढों की उपस्थिति सडक़ पर है और घंटाघर के ठीक सामने टर्निंग भी। ऐसे में कई मौके पर घटनाएं तब हो चुकी है जब चालकों का ठीकठाक नियंत्रण स्टेयरिंग पर नहीं रहा। जबकि मानसिक चेतना का स्तर बेहतर न होने से भी समस्याएं उत्पन्न होती है। खबर के अनुसार पिछली रात हुए हादसे को लेकर हुई कुछ यही कारण प्रभावी बताया गया। जानकारी मिली कि घटना में दुर्घटनाग्रस्त चारपहिया गाड़ी में सवार दोनों युवक असामान्य थे। इसके बावजूद वे दूसरी चारपहिया गाड़ी से प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। एक प्वाइंट पर पहुंचने के साथ बिलासपुर पासिंग कार की टक्कर हो गई। इस नजारे को देखने के लिए वे लोग कुछ देर के लिए रूके जो यहां से आवाजाही कर रहे थे। बाद में पुलिस को अवगत कराया गया। मामले में अगली कार्यवाही की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार की नंबर प्लेट पर रेड कव्हर चढ़ा हुआ था। सामान्य तौर पर वीआईपी गाडिय़ों में इस तरह के उपाय किए जाते हैं।

**खास बात**
- निहारिका स्थित घंटाघर का मामला

# घर के आंगन में रखे टमाटर की चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में एक टमाटर व्यापारी के घर चोरी हुई है। चोरों ने घर के आंगन में रखे टमाटर के कैरेट और गाड़ी से पेट्रोल चुरा लिया। यह पूरी वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के गायत्री नगर मानिकपुर बस्ती का है।

पीड़ित व्यापारी के मुताबिक 2 युवक उनके घर में चोरी करने घुसे थे। जिन्होंने 1 कैरेट टमाटर चुराया, जिसकी कीमत 800 रुपए है। गाड़ी से पेट्रोल भी निकालकर ले गए। वहीं थैली में रखा 800 रुपए नगद भी चुराए। इनमें एक युवक नकाब पहना हुआ था। फिलहाल दोनों की तलाश पुलिस कर रही है। पीड़ित व्यापारी शंभू टंडन, जो गायत्री नगर मानिकपुर के निवासी हैं, शहर के आसपास के बाजारों में सब्जी का व्यापार करते हैं। उन्होंने मंडी से टमाटर के कैरेट लाकर घर पर रखे थे ताकि उन्हें बाजार में बेचा जा सके। सुबह जब उन्होंने कैरेट गिने, तो एक कैरेट कम पाया। साथ ही, उनकी गाड़ी से पेट्रोल भी चोरी हो गया था। चोरी का पता चलने पर शंभू टंडन ने अपने घर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए दिखाई दिए। इनमें से एक युवक नकाबपोश था, जबकि दूसरे का चेहरा खुला हुआ था। वे बेखौफ होकर आराम से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे।



चोरी करता युवक।

# ट्रांसपोर्टर को बंदूक दिखाकर दी जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निहारिका फेस 1 दशहरा मैदान में निवासरत ट्रांसपोर्टर आयुष कुमार अपने ट्रेलर में बैटरी लगवा रहा था।

**खास बात**
- निहारिका स्थित दशहरा मैदान का मामला

इसी दौरान 22 अक्टूबर की रात 12 बजे से 1 बजे के बीच दो लोग मौके पर पहुंचे और आयुष को बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोपियों ने आयुष के पास से नकदी रकम की लूट की और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बंदूक दिखाकर रकम लूटने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



आरोपी।

शिकायतकर्ता आयुष कुमार सिंह ट्रांसपोटिंग का काम करता है। 22 अक्टूबर की रात वह अपने ट्रेलर में बैटरी लगवा रहा था। इसी दौरान अंचल अग्रवाल उर्फ जीनी और उसका साथी दीपक शर्मा मौके पर पहुंचे। जिसके बाद दोनों ने गाली-गलौज करते हुए आयुष के सीने पर बंदूक तान दी और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने उसकी जेब से 15 सौ रुपए निकाल लिए और ट्रेलर में आग लगाने की धमकी दी। शिकायत पर सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों अंचल अग्रवाल उर्फ जीनी और दीपक शर्मा के खिलाफ धारा 296, 351(3) और 309(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अंचल अग्रवाल पर पहले से भी गैर-जमानती अपराध दर्ज है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है और मामले की विवेचना जारी है।




## विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में गूंजा स्वदेशी संकल्प का संदेश

# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी बना संकल्पः अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हम सभी आज स्वदेशी संकल्प के लिए एकत्रित हुए हैं। यह सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। स्वदेशी अपनाना हमारे कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के प्रति सम्मान है। जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपना रहे होते हैं, तब हम देश की मिट्टी, मेहनतकश हाथों और आत्मनिर्भरता के सपने को सशक्त बना रहे होते हैं।

उक्त बातें पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कोरबा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का जो विराट संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है, उसी दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान निरंतर मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार कोरबा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने जनसमूह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, जिला प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन सहित अनेक वरिष्ठ जनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय आज पूरी दुनिया भारतीय योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प और पारंपरिक उद्योगों को सम्मान दे रही है। इतिहास गवाह है कि स्वदेशी आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम को गति दी। खादी आत्मसम्मान का प्रतीक बनी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी के पथ पर आगे बढ़ रहा है। यह हमारी मातृभूमि के प्रति प्रेम का उत्सव है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि हर घर में स्वदेशी की अलख जगाएं।




सम्मेलन को संबोधित करते पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल।

**उपस्थित जनसमूह ने लिया सामूहिक संकल्प**

सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का आवाज बुलंद किया और इस संदेश को गली-गली, गाँव-गाँव तक पहुंचाने का प्रण लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह, योगेश जैन, लक्की नंदा, जिला सह कोषाध्यक्ष नवीन अरोड़ा, जिला मंत्री विवेक मार्कण्डेय, अजय दुबे, अजय कंवर, सतीश झा, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, ज्योति वर्मा सहित मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, डिलेन्द्र यादव, मनोज लहरे, अजय चन्द्रा, सूरज पांडेय, मनोज राठौर, प्रदीप सिंह, वैशाली रत्नपारखी, प्रकाश अग्रवाल, रामकुमार त्रिपाठी, नीरज ठाकुर, संजीव शर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश**

भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के 100 वे वर्ष के अवसर पर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डाला एवं आम जन मानस की भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए इसे एक अभियान का रूप देने पर बल दिया।



